तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शनिवार 1 मार्च 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

14 आनंदगांव स्कूल में विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन

12 इस साल भी लगेगा महंगी बिजली का झटका ...


## खबर संक्षेप

### जिले के 2 पूर्व पार्षद कांग्रेस से निष्कासित

**बेमेतरा।** शहर कांग्रेस के 2 पूर्व पार्षदों को पार्टी ने 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा की अनुशंसा पर नगरीय निकाय चुनाव में पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल रहने और पार्टी की छवि धूमिल कर अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ निर्दलीय प्रत्याशी के रूप मे चुनाव लड़ने वालों पर कार्रवाई की गई है। दोनों निष्कासित पूर्व पार्षद घनश्याम देवांगन एवं लक्ष्मी नेतराम कोशले है। ज्ञात हो कि घनश्याम देवांगन ने विगत निकाय चुनाव में बेमेतरा नगर पालिका से अध्यक्ष के लिए निर्दलीय चुनाव लड़ा था। 4 से अधिक मत प्राप्त किये थे।

### जिले में 1 मार्च से 30 जून तक जलाभावग्रस्त क्षेत्र घोषित

**बेमेतरा।** गर्मी के मौसम में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर रणबीर शर्मा ने छत्तीसगढ़ पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 क्रमांक-3 1987 की धारा 03 के तहत बेमेतरा जिले को 1 मार्च से 30 जून 2025 या मानसून आगमन जो भी बाद में हो तक जलाभाव ग्रस्त क्षेत्र घोषित किया है। इस अवधि में बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के नया नलकूप खनन प्रतिबंधित रहेगा। हालांकि, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को पूरे जिले में और नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों को अपने नगरीय निकाय सीमा के भीतर केवल पेयजल आपूर्ति के लिए नलकूप खनन की अनुमति होगी। इन एजेंसियों को खुदाई किए गए नलकूपों की जानकारी प्राधिकृत अधिकारी को भेजनी होगी। प्राधिकृत अधिकारियों की नियुक्ति पेयजल संकट के मद्देनजर नलकूप खनन की अनुमति देने के लिए अधिकारियों को प्राधिकृत किया गया है। इनमें अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी , बेमेतरा नगर पालिका परिषद सीमा के तहत आने वाले क्षेत्र के लिए होंगे । संबंधित अनुविभागीय अधिकारी बेमेतरा साजा, बेरला और नवागढ़ – अपने-अपने क्षेत्र में आवश्यक कार्रवाई करेंगे। यह निर्णय गर्मी में जल संकट से निपटने और भूजल स्तर के संरक्षण के उद्देश्य से लिया गया है। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे जल संरक्षण को प्राथमिकता दें और अनावश्यक जल दोहन से बचें।

## बैठक

### हायर सेकंडरी की मुख्य परीक्षाएं आज से शुरू होंगी

# जिले में 22527 परीक्षार्थी देंगे बोर्ड परीक्षा, 77 केंद्र बनाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ कलेक्टर ने ली परीक्षा तैयारियों को लेकर बैठक

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हायर सेकेंडरी और हाईस्कूल मुख्य परीक्षाएं शुरू होने जा रही हैं। हायर सेकेंडरी परीक्षा 1 मार्च से और हाईस्कूल परीक्षा 3 मार्च से प्रारंभ होगी । हायर सेकेंडरी परीक्षा 28 मार्च तक और हाई स्कूल परीक्षा 24 मार्च तक चलेगी । दोनों परीक्षाएं प्रातः 9 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक आयोजित की जाएंगी। इस वर्ष जिले में कुल 77 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिले में कुल 22,527 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। जिसमें 8,572 विद्यार्थी हायर सेकेंडरी और 13,955 विद्यार्थी हाई स्कूल परीक्षा में शामिल होंगे। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कलेक्ट्रेट के दृष्टि सभा कक्ष में परीक्षा की तैयारियों को लेकर बैठक की। इसमें सभी अनुविभागीय अधिकारी (, जिला शिक्षा अधिकारी और विकासखंड शिक्षा अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू और अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी भी मौजूद रहे।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि परीक्षा के सफल संचालन के लिए सभी अधिकारी सतर्कता बरतें। किसी भी समस्या के समाधान के लिए जिला एवं मंडल स्तर पर बने कंट्रोल रूम से संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने एसडीएम को परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर बैठने, बिजली और पानी जैसी आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा की नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर सुश्री पिंकी मनहर और कोडिनेटर प्रोफेसर टी.आर.साहू होंगे ।



### एसपी ने बताई सुरक्षा व्यवस्था

पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने परीक्षा की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि परीक्षा के दौरान उड़नदस्ता और पुलिस पेट्रोलिंग की व्यवस्था की गई है। जरूरत पड़ने पर परीक्षा केंद्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न हो सके।

### बोर्ड परीक्षाओं की सतत निगरानी के लिए उड़न दस्तों का किया गठन

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा संचालित हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट की मुख्य परीक्षाएं 1 मार्च से 28 मार्च तक बेमेतरा जिले के 77 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जा रही है। बोर्ड परीक्षा के सफल, सुव्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण संचालन के लिए जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा एक उड़न दस्ता दल का भी गठन किया गया है। जो परीक्षाओं के दौरान नियमित रूप से परीक्षा केन्द्रों की मॉनिटरिंग करेगी। परीक्षा के दौरान विषम परिस्थितियों में समाधान एवं परीक्षा की सतत मॉनिटरिंग, निगरानी एवं सफल संचालन हेतु जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे द्वारा एक उड़न दस्ता दल का भी गठन किया गया है। इस उड़नदस्ता के दल में भूपेंद्र कुमार साहू सहायक जिला परियोजना अधिकारी एपीसी, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय बेमेतरा, सदस्यों में युवराज सिंह बनाफर व्याख्याता शासकीय हाई स्कूल अतरगढ़ी, तृप्ति वर्मा शिक्षिका शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बालसमुंद एवं नेहा ठाकुर व्याख्याता स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय बेमेतरा शामिल किये गए हैं।

# लापरवाही के आरोप में 3 शिक्षकों को किया सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ लगातार अनुपस्थित और अपने कर्तव्य के प्रति बरती रहे थे लापरवाही

विकास खंड शिक्षा अधिकारी बेरला के अनुसार शासकीय प्राथमिक शाला सिरसा विकासखंड बेरला में पदस्थ सहायक शिक्षक एलबी सुरेंद्र कुमार बारले बिना आवेदन अनुपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान भी शाला में अनुपस्थित पाए गए। अनुपस्थिति संबंध में उन्हें 13 फरवरी को स्पष्टीकरण जारी किया गया, पर जवाब नहीं दिया। उनको निलंबित कर उस अवधि में उनका मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय साजा किया गया है।

इसी तरह से प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला तरेगांव विकासखंड नवागढ़ के पत्र क्रमांक 515 16 जनवरी 2025 के अनुसार चंद्र भूषण ठाकुर सहायक शिक्षक एलबी 20 अगस्त 2024 से निरंतर शालेय कर्तव्य पर अपनी उपस्थिति नहीं दे रहा है। वर्तमान माह में 6 जनवरी 2025 से बिना किसी सूचना व आवेदन के अनुपस्थित है। सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी नवागढ़ डीपी कोइरी के जांच प्रतिवेदन के आधार चंद्रभूषण ठाकुर सहायक शिक्षक एलबी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया। निलंबन की अवधि में उनका मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी बेमेतरा किया जाता है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी साजा के अनुसार निरीक्षण के दौरान रोशन सिंह राजपूत प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला संबलपुर अनुपस्थित पाए गए। ग्रामीणों, रसोइयों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और शिक्षकों के द्वारा लिखित में दिए पंचनामा के अनुसार उक्त प्रधान पाठक नियमित रूप से शाला नहीं आते है। और नहीं उनके द्वारा अध्यापन कार्य कराया जाता है। वह शराब का सेवन कर शाला आते हैं। तथा पूरे समय तक शाला में नहीं रहते हैं। उनको निलंबित कर उनका मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय बेरला किया गया।

# पुलिस अधीक्षक ने किया थाना व चौकी का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ स्टॉफ की सुनी समस्याएं, निराकरण का दिया आश्वासन

पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू ने थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा एवं चौकी देवरबीजा व खण्डसरा वार्षिक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारी व कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाने जाने के साथ ही कानून व सुरक्षा व्यवस्था को बनाये रखते हुए बेहतर पुलिसिंग के बारे में निर्देश दिया। उन्होंने जवानों की समस्याओं को सुनते हुए यथोचित निराकरण का आश्वासन दिया। कोतवाली बेमेतरा में विभिन्न अपराधों में जब्त वाहन जो थाना परिसर में खड़े हैं उनकी गिनती कराई। यह सुनिश्चित किया कि जब्त माल रजिस्टर में वाहनों की संख्या है कितनी दर्ज की गई है। वह वाहन परिसर में खड़े हैं कि नहीं, थाने का जब्त माल, मालखाना, जब्ती रजिस्टर, जरायम, शिकायत, ड्यूटी रजिस्टर, मुर्त रजिस्टर, हिस्ट्रीशीट, ग्राम अपराध पुस्तिका, फ्रिंगर प्रिंट रजिस्टर ▶▶| शेष पेज 14 पर

### ये रहे उपस्थित

इस दौरान पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेमेतरा मनोज तिर्की, थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा प्रभारी उप निरीक्षक राकेश साहू, उप निरीक्षक शैल शर्मा, सहायक उप निरीक्षक दीनानाथ सिंहा, उदल राम टांडेकर, यागेश्वर देशमुख, छन्नूलाल ध्रुव, स्टेनो अजय कुमार देवांगन, एसएसपी रीडर सहायक उप निरीक्षक विष्णु सप्रे सहित थाना के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बसों के परिचालक का भी लेना होगा लाइसेंस

**दुर्ग।** परिवहन उड़नदस्ता दुर्ग द्वारा समय समय पर विभिन्न मार्गों में संचालित होने वाली बसों की जाँच कर कमीं पाए जाने पर कार्रवाई की जाती है। परिवहन मुख्यालय के पर यात्री बसों में चलने वाले परिचालकों के लायसेंस बनाने हेतु पूर्व में बस ऑपरेटरों, बस यूनियन की बैठक लेकर शिविर का आयोजन किया गया था जिसमें परिचालकों के लिए लायसेंस अनिवार्य रूप से बनाने तथा बिना परिचालक लायसेंस के बस संचालित नहीं करने दिशा निर्देश जारी किए गए थे। शिविर के माध्यम से बस परिचालकों के द्वारा परिचालक लायसेंस बनाया गया था।




# झाल में नवनिर्वाचित सरपंच ने निकाली विजय और आभार रैली जिपं सदस्य मधु रॉय हुईं शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

■ बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराना होगी प्राथमिकता : मधु रॉय

ग्राम झाल में गुरुवार को नवनिर्वाचित सरपंच खेमकली ललितराम साहू की विजय व आभार रैली निकाली गई। इस रैली में नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य मधु रॉय भी शामिल हुई। ग्रामीणों ने विजय रैली का जोरदार जोशीले अंदाज के साथ डीजे गाजे-बाजे के साथ सैकड़ों समर्थकों ने रैली में शामिल होकर गुलाल से नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य एवं सरपंच का स्वागत किया। कार्यकर्ताओं और नव निर्वाचित पंचों के साथ सभी वार्डों में आभार जताया गया। मधु रॉय ने कहा कि आज मैं अपने क्षेत्र की जनता का आभार जताने आई हूं। क्षेत्र की सभी समस्याओं का समाधान विशेष कर शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, बिजली व किसानों की समस्याओं के अलावा बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराना पहली प्राथमिकता होगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन के साथ गांव-गांव के विकास व ग्रामीणों को शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं पर फोकस किया जाएगा। सरपंच साहू ने कहा कि वह गांव का विकास करेंगी। गांव का विकास ही उनकी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि वह गांव के विकास के लिए काम करेंगी और जिला पंचायत सदस्य मधु रॉय के साथ कदम से कदम मिलाकर काम करेंगी।



### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर तुलसी शंकर साहू, दुवशिया सुरेश साहू, मोंगरा जगदीश अनंत, कामेश्वरी आत्मा साहू, सुनीता सन्तु साहू, पार्वती बिंदा साहू, ललित बघेल, दीपा गोलू साहू, मोहन साहू, महेश साहू, पूनम साहू, साधराम साहू, कमल बघेल, नंद साहू, रमेश सोनवानी, प्रभु साहू, दिलीप साहू, रज्जू गोयल,सुरेश बंजारे, कपिल साहू, छेदी साहू, बद्री साहू, भुनेश साहू, तिलक साहू, सुमन साहू, सरजू साहू सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

### मोबाइल से दूर, खुशी के कुछ पल अपनों के साथ



**बेमेतरा।** पीएम श्री सेजेस देवकर में बच्चों को मोबाइल से दूर और खुशी के कुछ पल अपने के साथ कार्यक्रम हुआ। इसी थीम पर आधारित स्पोर्ट्स का आयोजन किया गया, जिसमें पालको और उनके बच्चों ने हिस्सा लिया। रिले रेस में एलकेजी से तनिष्का सपहा,उनके पालक एवं यूकेजी से कृष गुप्ता, उनके पालक विनर रहे। पोल रेस में यूकेजी से मिष्ठी राजपूत,उनके पालक और आध्या वर्मा उनके पालक विनर रहे। इस कार्यक्रम में शाला के प्रिंसिपल श्री अनिल डाहले जी, प्रायमरी प्रधान पाठक पायल राठी, शिक्षक गुंजन साहू, वंदना निषाद, वेद प्रकाश सिंह, शबनम ख़ातून, स्मृति ठाकुर उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### सुंदरनगर वृद्धाश्रम में मनाया महाशिवरात्रि पर्व

**रायपुर।** नारायणी साहित्यिक संस्थान एवं चरामेति फाउंडेशन ने सुंदरनगर स्थित प्रशामक देखरेख गृह वृद्धाश्रम में रहने वाले वृद्धजनों के साथ महाशिवरात्रि महापर्व मनाया। इस मौके पर संस्थान के राजेंद्र ओझा ने बताया कि वृद्धाश्रम में रहने वाले सभी वृद्धजनों के लिए मच्छरदानी प्रदान की गई। 'आश्रय लायंस वृद्धाश्रम' से आए प्रतिनिधि निरंजन एवं रामकृष्ण शर्मा को बेडशीट एवं पिलो कवर प्रदान किए। इसी दौरान हृषीक ओझा ने विवाह की वर्षगांठ पर फल भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में घनश्याम सराठे, कमलेश शर्मा, आईएसबीवी. श्रीनिवास राव, राजेंद्र जैन, संभव जैन, डॉ. मृणालिका ओझा, मुकेश शाह, रोशन बहादुर, भीम, नितिन जैन आदि उपस्थित थे।

### शहीद और मृत पुलिसकर्मियों के परिजनों को अनुकंपा नियुक्ति



**रायपुर।** नक्सल हमले में शहीद तथा बीमारी की वजह से मृत होने वाले चार पुलिसकर्मियों के परिजनों को एसएसपी डॉ. लाल उमेंद सिंह ने गुरुवार को अपने कार्यालय में अनुकंपा नियुक्ति का प्रमाणपत्र सौंपा है। नियुक्ति पाने वालों में बीजापुर नक्सली हमले में शहीद भरतलाल साहू की पत्नी नंदेश्वरी साहू को एएसआई, रायपुर में पदस्थ एएसआई कैलाशनाथ शांडिल्य की बीमारी से मौत होने पर उनकी बेटी नेहा शांडिल्य को आरक्षक, एमटी पूल में प्रधान आरक्षक (चालक) अजय कुमार सोनी की बीमारी से मौत होने पर उनके बेटे मयंक को आरक्षक तथा आरक्षक मुकेश भंडारी की बीमारी से मौत होने पर उनकी पत्नी गंगोत्री को आरक्षक के पद पर नियुक्तिपत्र दिया गया है।

### बोरवेल खनन के लिए रीटेंडर

**रायपुर।** नगर निगम के जल विभाग द्वारा गर्मी के सीजन में जल संकट प्रभावित क्षेत्रों में 50 स्थानों पर बोरवेल खनन मांग के आधार पर कराया जायेगा। इसके लिए एजेंसी तय करने टेंडर किया गया। जिसमें सिंगल टेंडर आने से रीटेंडर किया जा रहा है। विभाग के अधिकारी ने बताया कि बोरवेल खनन के लिए नगर निगम के 10 जोनों के 70 वार्ड से प्रभावित इलाकों की सूची मंगाई गई थी। जोन कमिश्नरों से प्राप्त सूची के आधार पर बोरवेल खनन कराने का कार्य एजेंसी तय कर किया जायेगा।

### राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर सीएम साय ने दीं शुभकामनाएं

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि विज्ञान केवल तकनीकी प्रगति का माध्यम नहीं, बल्कि समाज में तर्कसंगत और परिष्कृत सोच विकसित करने का आधार भी है।

# सोलर पैनल से घरों में होने लगी रोशनी, बिजली बिल की भी बचत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

सोलर पैनल लगाने से हर महीने बिजली बिल में बचत होते देख अब छत्तीसगढ़ में भी प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत घरों में भी सोलर पैनल लगाए जा रहे हैं। विभागीय सूत्रों के अनुसार राज्य में अभी तक करीब ढाई लाख लोग प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के पोर्टल में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन भी करा चुके हैं, जिनमें से लगभग 40 हजार लोगों ने घरों में सोलर पैनल लगाने के लिए आवेदन भी किए हैं। इनमें से एक हजार से अधिक लोगों के घरों में सोलर पैनल लग भी गए हैं। इससे उनके घरों में बिजली का उत्पादन भी होने लगा है, जिससे बिजली बिल में हर महीने अच्छी बचत भी होनी लगी है। यही कारण है कि सोलर पैनल को लेकर लोगों की सोच भी सकारात्मक हुई है, जिससे पोर्टल में रजिस्ट्रेशन कराने वालों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है।

- पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत सोलर पैनल लगाने किए जा रहे ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन



फाइल फोटो

### 3 किलोवाट के सोलर पैनल से 360 यूनिट बिजली तैयार

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत 3 किलोवाट का सोलर पैनल लगाकर उपभोक्ता हर महीने घर में ही 360 यूनिट बिजली तैयार कर रहे हैं, जिससे बिजली बिल में 20 हजार रुपए तक की बचत हो रही है। इस योजना का लाभ लेने के लिए रायपुर सहित प्रदेश के कई जिलों से आवेदन किए जा रहे हैं। इनमें नक्सल प्रभावित मोहला-मानपुर, सुकमा, नारायणपुर जैसे जिले भी शामिल हैं।

### सब्सिडी के साथ बैंक लोन

इस योजना के तहत उपभोक्ताओं को सोलर पैनल लगाने पर सब्सिडी के रूप में छूट भी दी जा रही है। उपभोक्ता को बैंक से दो लाख रुपए का लोन और 78 हजार रुपए की सब्सिडी भी मिल रही। सोलर पैनल की लाइफ 25 वर्ष की है। इस तरह उपभोक्ता को सोलर पैनल लगाने से 4 लाख 21 हजार 200 रुपए की बचत होगी।

### दो साल में करीब डेढ़ लाख घरों में सोलर पैनल लगाने का लक्ष्य

सूत्रों के अनुसार इस योजना के तहत प्रदेश में दो वर्ष में करीब डेढ़ लाख घरों में सोलर पैनल लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए सभी जिलों में बिजली अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। इसके तहत लोगों को सोलर पैनल के फायदों के बारे में जागरूक भी किया जा रहा है।

### जिलेवार रजिस्ट्रेशन की संख्या

| | |
|---|---|
| रायपुर - 19886 | महासमुंद -19698 |
| कबीरधाम - 7964 | मनेंद्रगढ-चिरमिरी-भरतपुर 2961 |
| जशपुर - 7442 | मोहला-मानपुर- अंबागढ़ चौकी -3028 |
| कांकेर - 7868 | मुंगेली - 5329 |
| खैरागढ़-छुईखदान-गंडई - 4652 | नारायणपुर - 226 |
| कोंडागांव 4987, | रायगढ़ - 8952 |
| सक्ति - 2512 | राजनांदगांव - 11093 |
| सारंगगढ़- बिलाईगढ़ - 3961 | दंतेवाड़ा - 292 |
| सुकमा - 721 | धमतरी - 13165 |
| सूरजपुर - 5699, | दुर्ग - 17132 |
| सरगुजा - 6903 | गरियाबंद - 4952 |
| कोरबा - 9112 | गौरेला-पेंड्रा मरवाही - 2917 |
| कोरिया - 2314 | जांजगीर चांपा - 6273 |

## जनसुनवाई के बाद तय होगा नया टैरिफ


# इस साल भी लगेगा महंगी बिजली का झटका पॉवर कंपनी की 45 सौ करोड़ घाटे की याचिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

प्रदेश के 65 लाख बिजली उपभोक्ताओं को लगातार दूसरे साल भी महंगी बिजली का झटका लगने की पूरी संभावना है। छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने बिजली नियामक आयोग में नए सत्र के लिए जो याचिका लगाई है, उसमें 45 सौ करोड़ का घाटा बताते हुए इस घाटे को पूरा करने वाला नया टैरिफ लागू करने की मांग की है। अब आयोग पॉवर कंपनी का लेखा-जोखा देखने के बाद तय करेगा कि वास्तव में उनका कितना घाटा है। उसके हिसाब से ही नया टैरिफ तय होगा। नए टैरिफ से पहले जनसुनवाई भी होगी, लेकिन अभी जनसुनवाई की तारीख तय नहीं हुई है, क्योंकि इस समय आयोग में दो सदस्यों के पद खाली हैं। ऐसे में आयोग विधिक सलाह के बाद ही जनसुनवाई पर फैसला करेगा।

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने बिजली नियामक आयोग को 2025-26 के लिए जो प्रस्ताव भेजा है, उसमें 45 सौ करोड़ की कमी बताते हुए इसकी भरपाई की मांग रखी है। वैसे तो पॉवर कंपनी को नए सत्र में लगभग 15 सौ करोड़ का फायदा होने का अनुमान है, लेकिन पुराने 2023-24 के सत्र का 6130 करोड़ रुपए का अंतर है। इसमें 15 सौ करोड़ घटाने के बाद भी 45 सौ करोड़ की कमी आ रही है। इसको पूरा करने के लिए टैरिफ में इजाफा होगा। लेकिन यह इजाफा कितना होगा, इसको नियामक आयोग तय करेगा। पॉवर कंपनी ने 2025-26 के लिए जो प्रस्ताव भेजा है, उसमें बताया गया है कि पॉवर कंपनी इस सत्र में 24 हजार 652 करोड़ की बिजली बेचेगी। इसके मुकाबले में पॉवर कंपनी का खर्च 23 हजार 82 करोड़ होगा। ऐसे में पॉवर कंपनी को 1570 करोड़ का फायदा होगा। लेकिन 2023-24 में पॉवर कंपनी को अनुमान से 6130 करोड़ रुपए कम पड़े। ऐसे में इस अंतर की राशि में 1570 करोड़ को घटाने के बाद 4560 करोड़ रुपए का अंतर आ रहा है। इस अंतर की राशि के लिए ही टैरिफ बढ़ाने की मांग है। लेकिन आयोग तय करेगा कि वास्तव में पॉवर कंपनी को कितने पैसों की जरूरत होगी। उसके हिसाब से टैरिफ तय होगा।





- अभी जनसुनवाई की तारीख तय नहीं
- नए सत्र में लगभग 15 सौ करोड़ का फायदा होने का अनुमान
- इस सत्र में 24 हजार 652 करोड़ की बिजली बेचेगी पॉवर कंपनी

### आयोग में दो पद खाली

इस समय बिजली नियामक आयोग में अध्यक्ष के साथ रहने वाले दो सदस्यों पद खाली हैं। बिना कोरम के किसी भी तरह की सुनवाई नहीं हो सकती। एक सदस्य का कार्यकाल सितंबर 2023 में पूरा हो गया था। एक और सदस्य का कार्यकाल बीते साल जुलाई में पूरा हुआ है। अब तक दोनों पदों पर नई नियुक्ति नहीं हो सकी है। नई नियुक्ति के बाद ही टैरिफ पर जनसुनवाई और नए टैरिफ का फैसला हो पाएगा। प्रदेश के बिजली नियामक आयोग में अध्यक्ष हेमंत वर्मा के साथ पहले लीगल सदस्य के रूप में विनोद देशमुख और तकनीकी सदस्य के रूप में सीके गुप्ता काम कर रहे थे। इनका कार्यकाल अब समाप्त हो गया है।

# दोपहर का तापमान रात से दोगुना ठंड और गर्मी दोनों का अहसास

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

तापमान में उतार-चढ़ाव के कारण लोगों को अजीबो-गरीब मौसम का सामना करना पड़ रहा है। शहर का अधिकतम तापमान न्यूनतम तापमान से लगभग दोगुना है। इसके कारण लोगों को एक ही दिन में ठंड और गर्मी दोनों का अहसास हो रहा है। गुरुवार को रायपुर का अधिकतम तापमान 35 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.8 डिग्री अधिक है। न्यूनतम तापमान सामान्य से 0.3 डिग्री अधिक अर्थात 18.8 डिग्री रहा। माना में न्यूनतम तापमान 15.7 डिग्री दर्ज किया गया है। रात्रि में तापमान 16 डिग्री तक होने और दिन में तापमान 35 डिग्री होने के कारण लोगों को जहां रात में चादर का सहारा लेना पड़ रहा है तो वहीं दिन में पंखे चलाने पड़ रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार, छग में अगले दो दिनों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में 3 से 4 डिग्री की वृद्धि होने की संभावना है। वृद्धि पश्चात रात्रि और सुबह महसूस होने वाली ठंड का अहसास खत्म होगा।

- देर रात शहर का तापमान 18 डिग्री, माना में पहुंचा 15 डिग्री तक

# दुर्ग सांसद बघेल से नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष सिद्धात मिले



**नवागढ़।** नगर पंचायत नवागढ़ से नवनिर्वाचित अध्यक्ष सिद्धांत चौहान ने दुर्ग लोकसभा के क्षेत्र सांसद विजय बघेल से सौजन्य मुलाकात कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान सांसद ने भी उन्हें बधाई देते हुए नगर के विकास के लिए काम करने की बातें कही। इस दौरान सुरेश निषाद, जित्ते रजक, दानिराम जायसवाल सहित अन्य उपस्थित रहे।


# भाजपा का सभी जिलों और कांग्रेस का 25 जिलों में जिला पंचायत अध्यक्ष बनाने का दावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव पूरे होने के बाद अब जिला पंचायत अध्यक्षों का चुनाव पांच मार्च को होना है। ऐसे में भाजपा और कांग्रेस ने इसे लेकर अपना-अपना दावा किया है। जहां एक तरफ भाजपा का सभी जिलों में भाजपा के अध्यक्ष बनने का दावा है, वहीं कांग्रेस का कहना है, 25 जिलों में कांग्रेस के अध्यक्ष बन जाएंगे। पंचायत चुनाव राजनीति पार्टियों पर आधारित नहीं होते हैं।

वैसे जिला पंचायतों के लिए जो सदस्यों का चुनाव होता है, उसके लिए जरूर राजनीतिक पार्टियां अपने अधिकृत प्रत्याशी तय करती है, लेकिन इनको पार्टी का चुनाव चिन्ह नहीं मिलता। ऐसे में पार्टियों के इन प्रत्याशियों के जीतने के आधार पर पार्टियां दावा करती हैं। तीन चरणों में हुए चुनाव में भाजपा और कांग्रेस का अपना-अपना दावा सामने आया है। दोनों ही पार्टियां तीन चरणों में ज्यादा सीटें जीतने का दावा कर रही हैं। इसी के साथ जिलों में बहुमत को लेकर भी दोनों पार्टियां का अपना-अपना दावा है। यही नहीं, पंच और सरपंचों की जीत को लेकर भी दोनों पार्टियां यह दावा कर रही कि उनकी पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता ही ज्यादा जीते हैं।

## सभी जिलों में 5 मार्च को होगा चुनाव



### कांग्रेस का 18 जिलों में बहुमत का दावा

कांग्रेस संचार विभाग के सुशील आनंद शुक्ला का कहना है, कांग्रेस को 18 जिलों में बहुमत मिला है। सात जिलों में हम अन्य का साथ लेकर जिला अध्यक्ष बनाने की स्थिति में हैं। कुल मिलाकर कांग्रेस के 25 जिलों में जिलाध्यक्ष बन जाएंगे।

### भाजपा का सभी जिलों में जीतने का दावा

पंचायत चुनाव के भाजपा के प्रदेश प्रभारी सौरभ सिंह का कहना है, पंचायत चुनाव में जिला पंचायतों के सदस्यों के चुनाव में भाजपा को 31 जिलों में बहुमत मिल गया है। ऐसे में 31 जिलों में तो भाजपा के जिलाध्यक्ष बनने तय हैं। इसी के साथ रायपुर और सुकमा में हम बराबरी पर हैं। इनमें भी हमारा प्रयास भाजपा के जिलाध्यक्ष बनाने का रहेगा। सभी स्थानों पर भाजपा के प्रत्याशी जिला अध्यक्षों का चुनाव लड़ेंगे और जीतकर आएंगे।


# बंद और बीमार उद्योगों को भी मिलेगा सरकारी अनुदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति 2024-30 के तहत अब पात्र बंद एवं बीमार उद्योगों को भी अनुदान की पात्रता होगी। इस संबंध में वाणिज्य एवं उद्योग विभाग ने छत्तीसगढ़ उद्योग रोजगार अनुदान नियम 2024 बनाए हैं। खास बात ये है कि अनुदान के पात्र कर्मचारी दिव्यांग, सेवानिवृत्त अग्निवीर व आत्मसमर्पित नक्सली होंगे।

### ये होगी पात्रता

नीति के तहत पात्र नवीन एवं विद्यमान उद्यम वाणिज्यक उत्पादन प्रारंभ करने के बाद ही अनुदान के लिए आवेदन कर सकते हैं। उद्यमों में कार्यरत अनुदान के पात्र कर्मचारी का कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ईपीएफओ में पंजीयन अनिवार्य होगा। नियमों के तगत अनुदान नीति में प्रवृत्त रहने की अवधि के रोजगार के संदर्भ में प्रदान की जाएगी, लेकिन नीति में प्रवृत्त रहने की अवधि में वाणिज्यक उत्पादन प्रारंभ करने वाले उद्यम को वाणिज्यक उत्पादन प्रारंभ करने के दिनांक से पांच साल की अवधि तक इन नियमों के तहत अनुदान प्रदान किया जाएगा। 1 नवंबर 2024 के पहले जिन उद्योगों में अनुदान के लिए पात्र कर्मचारी को स्थायी रोजगार में रखा गया है उन्हे पात्रता नहीं होगी। लेकिन इस तिथि के ऐसे कर्मचारियों के संदर्भ में बढ़ाई गई स्थायी रोजगार की संख्या पर अनुदान की पात्रता होगी।



### इतना रोजगार देना अनिवार्य होगा

नियम में कहा गया है कि उद्योगों में वाणिज्यक उत्पादन प्रारंभ करने के दिनांक से न्यूनतम पांच साल या अंतिम अनुदान स्वीकृति दिना जो पश्चातवर्ती हो, तक इकाई द्वारा उत्पादनरत रहते हुए अकुशल-कुशल एवं प्रबंधकीय, प्रशासकीय वर्ग में न्यूनतम क्रमशः 100 प्रतिशत, 70 प्रतिशत, एवं 40 प्रतिशत रोजगार राज्य के मूल निवासियों को देना अनिवार्य होगा।

### अनुदान की वसूली भी हो सकती है

नियम में ये भी कहा गया है कि यदि ये पाया जाता है कि कि उद्यम द्वारा कोई तथ्य छिपाए गए हैं या तथ्यों को गलत ठंग से प्रस्तुत किया गया है और गलत तरीक से अनुदान लिया गया है को अनुदान की पूरी राशि साढ़े 12 प्रतिशत प्रतिशत ब्याज सहित वसूली भू-राजस्व की बकाया की वसूली के अनुसार की जाएगी।

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर 27,480 सदस्यों को भेजी गई सूचना

# चैंबर चुनाव के लिए सदस्यों को डाक विभाग से अधिकृत सूचना, 5 मार्च को होगा प्रारंभिक मतदाता सूची प्रकाशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के त्रैवार्षिक चुनाव को लेकर जहां व्यापारिक संगठनों में हलचल मची है, वहीं चैंबर के प्रदेशभर के 27,480 सदस्यों को चुनाव की अधिकृत सूचना डाक विभाग के माध्यम से भेजी गई। निर्वाचन अधिकारी प्रकाशचंद्र गोलछा ने बताया कि चैंबर चुनाव 2025 की चुनाव प्रक्रिया के तहत 5 मार्च को प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन किया जायेगा। 6 से 8 मार्च तक मतदाता सूची में त्रुटि सुधार के आवेदन सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक लिये जायेंगे। चैंबर के मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली के निर्देश अनुसार उनके हस्ताक्षर युक्त सूचना पत्र चैंबर के 27,480 सदस्यों को मुख्य डाकघर रायपुर के माध्यम से भेजने सौंपा गया। निर्वाचन अधिकारी प्रकाशंद्र गोलछा, अनिल कुचेरिया और चैंबर चुनाव कार्यालय प्रभारी शशिकांत गुप्ता की उपस्थिति में डिप्टी पोस्ट मास्टर दीपक वासनिक को यह सौंपा।



चैंबर चुनाव में इस बार जय व्यापार पैनल और व्यापारी एकता पैनल के बीच मुकाबला है। प्रदेश अध्यक्ष, महामंत्री और कोषाध्यक्ष चुनने 10 चरण में प्रदेशभर में मतदान होंगे। इस बार के चैंबर चुनाव में जय व्यापार पैनल से प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए अमर पारवानी, महामंत्री पद के लिए अजय भसीन और कोषाध्यक्ष के लिए उत्तम गोलछा को प्रत्याशी बनाकर चुनाव मैदान में उतारा गया है। जबकि व्यापारी एकता पैनल ने अभी तक अपने पत्ते नहीं खोले हैं। प्रत्याशियो के चयन और चैंबर चुनाव को लेकर व्यापारी एकता पैनल की अहम बैठक 28 फरवरी को शाम 4 बजे राजधानी के हॉटल आदित्य में रखी गई है। जिसमें व्यापारी एकता पैनल प्रदेश अध्यक्ष, महामंत्री और कोषाध्यक्ष पद के लिए पैनल से प्रत्याशी का ऐलान करेगी।

### जिलेवार मतदान केन्द्र इस तरह से

- 14 अप्रैल दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़, सरस्वती शिशु मंदिर अंबिकापुर
- 15 अप्रेल मेनोनाइट हिन्दी हायर सेकंडरी स्कूल धमतरी, 16 अप्रैल को सरस्वती शिशु मंदिर लक्ष्मीपुर रायगढ़
- 20 और 21 अप्रैल अग्रसेन भवन सेक्टर 6 भिलाई
- 24 अप्रैल उदयाचल भवन राजनांदगांव, 27 अप्रैल झूलेलाल मंगल भवन बिलासपुर
- 3 मई गुजराती शाला भवन देवेन्द्र नगर रायपुर और 4 मई सरस्वती शिशु मंदिर देवेन्द्र नगर में मतदान होगा।

# ईडी मामले में कांग्रेस नेताओं की आपात बैठक, आगे की रणनीति पर किया विमर्श

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा सुकमा-कोंटा कांग्रेस भवन निर्माण के संबंध में पार्टी को समन जारी किए जाने के बाद कांग्रेस नेता राजीव भवन में एक आपात बैठक की। पूरे मामले में कांग्रेस द्वारा जवाब दिए जाने के बाद अब आगे इस मामले पार्टी का रुख क्या रहेगा इस पर चर्चा की गई।

पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज की अध्यक्षता में हुई बैठक में प्रवर्तन निदेशालय के समन को लेकर और जांच एजेंसी को जवाब देने के बाद दोबारा पूछताछ के लिए प्रभारी महामंत्री को बुलाने पर चर्चा हुई। बैठक में यह तय किया गया कि ईडी को सभी सवालों के जवाब दिए जाएंगे, लेकिन इसके लिए कुछ और समय मांगा जाएगा। कांग्रेस कानूनी आधार पर अपना पक्ष मजबूती से रखने की तैयारी कर रही है। पूरे मामले में भाजपा सरकार द्वारा विपक्ष को दबाने के प्रयासों को लेकर जनता के बीच ले जाने पर भी चर्चा हुई। ईडी द्वारा मामले में कांग्रेस भवन को कुर्क करने की संभावनाओं पर भी चर्चा के बाद यह रणनीति तय की गई कि मामले का पुरजोर विरोध किया जाएगा।

वहीं ईडी के पास इसके संबंध में जो तथ्य हैं, उसके अनुसार पार्टी सार्वजनिक उपयोग के भवन को कैसे बचाए, इसे लेकर चर्चा की गई। वहीं कानूनी आधार पर अपना पक्ष कैसे तजबूत करें, इसे लेकर चर्चा की गई।

- पीसीसी अध्यक्ष बैज की अध्यक्षता में समन से जुड़े मुद्दे पर बातचीत

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जाँच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन

NABH CERTIFIED

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे बैंकिंग सुविधाओं का लाभ

## 6 लाख से अधिक हितग्राहियों के खोले गए जनधन बैंक खाते

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आकांक्षी जिला कार्यक्रम की समीक्षा सह संवादात्मक सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उप निदेशक वित्तीय सेवा विभाग भारत सरकार रितेश पटेल एवं सहायक महाप्रबंधक एसएलबीसी मनोज कुमार सिंह उपस्थित रहे।

कलेक्टर अग्रवाल ने बैंकर्स से कहा कि जिम्मेदारी से दिए गए लक्ष्य की पूर्ति करें। बैंक का कार्य जनसामान्य के वित्तीय लेन-देन पर आधारित होता है। हमारे देश की अर्थव्यवस्था विश्व की पांचवीं मजबूत अर्थव्यवस्था है। वित्तीय लेन-देन के डिजिटल होने के कारण तथा छोटी दुकानों में भी नवीनतम तकनीक पेटीएम, फोन-पे, रूपे कार्ड जैसे डिजिटल फार्म को अपनाने के कारण वित्तीय लेन-देन में बढ़ोत्तरी हुई है और वे बैंक से जुड़ गए हैं। छोटे स्तर पर व्यवसाय करने वाले ठेले, खोमचे, सब्जी वाले व्यवसायी पात्र उपभोक्ता होते हैं, जिन्हें ऋण दिया जा सकता है। वे समय पर अपना ऋण चुकाते हैं। मध्यमवर्गीय परिवार तथा निम्न, मध्यम वर्गीय परिवार के व्यवसाय को बढ़ाने ऋण देने से बहुत लाभ होता है।

### सक्रियता से करें कार्य

कलेक्टर ने कहा कि बैंक के आर्थिक लाभ के लिए लक्ष्य की प्राप्ति पर ध्यान देते कार्य करने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री मुद्रा लोन योजना अंतर्गत ऋण देने से टर्न ओव्हर बढ़ा है। भारत सरकार के विजन के अनुरूप जनसामान्य के जीवन को खुशहाल बनाने की दिशा में सभी को कार्य करना है। नीतियों तथा तकनीक के माध्यम से गांव के अंतिम व्यक्ति तक बैंकिंग सुविधाओं का लाभ पहुंचना चाहिए। नीतियों को क्रियान्वित करने जिला प्रशासन स्तर पर सभी अधिकारी सक्रियता से कार्य करेंगे, तो लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि देश की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने सभी योगदान



### स्व सहायता समूह की महिलाएं बेहतरीन कार्य कर रही

कलेक्टर ने कहा कि जिले में स्वसहायता समूह की महिलाएं बेहतरीन कार्य कर रही हैं, उन्हें प्रोत्साहित व ऋण प्रदान करने बैंकर्स आगे आएं। इस वर्ष समूह की महिलाओं ने लगभग 102 करोड़ 40 हजार रुपए का बैंक लिंकेज किया है। शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत बीमा की राशि भी प्राप्त होती है। जिससे हितग्राही के परिजनों को लाभ मिलता है।

### निजी बैंकों की बढ़ानी होगी भागीदारी

श्री पटेल ने कहा कि रूपे कार्ड के उपयोग में प्रगति लाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जनधन योजना के खातों को रि-केवाईसी कार्य मिशन मोड में करना होगा तथा शासन की योजनाओं के तहत ऋण प्रदान करने के कार्य में निजी बैंकों की भागीदारी बढ़ानी होगी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मुद्रा लोन योजना के तहत तरूण प्लस के तहत 20 लाख रुपए तक का ऋण दिया जा रहा है। यूपीआई के माध्यम से लघु उद्यम को बढ़ावा देने हेतु डिजिटल फुट प्रिंट देकर 34 हजार करोड़ रुपए तक का ऋण मध्यम एवं लघु उद्यमों को प्रदान किया गया है। उन्होंने जनसामान्य के लिए वित्तीय साक्षरता एवं जागरूकता लाने के लिए कहा।

### रुपे कार्ड को सक्रिय करें

सहायक महाप्रबंधक एसएलबीसी मनोज कुमार सिंह ने कहा कि रूपे कार्ड को जरूर सक्रिय करें, इसमें आटोमेटिक बीमा होने के कारण बिना किसी प्रीमियम के लोगों को बीमा लाभ मिलता है। लीड बैंक मैनेजर मुनीष शर्मा ने प्रधानमंत्री स्वनिधि बीमा योजना प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा लोन के वितरण, अटल पेंशन योजना एवं अन्य योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत 3 हजार 161 प्रकरणों को बैंक से स्वीकृति मिली है। इस अवसर पर नाबार्ड के मनोज नायक एवं अन्य बैंकर्स उपस्थित थे।

### जनधन के खातों में अच्छा कार्य

उप निदेशक वित्तीय सेवा विभाग भारत सरकार रितेश पटेल ने कहा कि जिले में विभिन्न क्षेत्रों में बेहतरीन कार्य किया जा रहा है। आधार से जुड़े जनधन योजना के खातों में अच्छा कार्य किया गया है। प्रधानमंत्री जनधन योजना अंतर्गत 6 लाख से अधिक हितग्राहियों के जनधन बैंक खाते खोले गए हैं और 5 लाख 27 हजार 952 बैंक खातों को आधार सिडिंग किया जा चुका है। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत जिले में 4 लाख 13 लाख 523 हितग्राही लाभान्वित हो रहे हैं। वहीं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत 8 लाख 61 हजार 682 हितग्राहियों ने पंजीयन कराया है। आकांक्षी जिलों के कार्यों के मापदंड में जिले का प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा है। वहीं प्रधानमंत्री मुद्रा लोन योजना में प्रगति लाने की जरूरत है। जिले का साख जमा अनुपात 60 प्रतिशत है, जो 70 से 71 प्रतिशत होना चाहिए, इसमें बढ़ोत्तरी लाने की आवश्यकता है।

# संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल में बिदाई समारोह का आयोजन

- 12वी के छात्रों का पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए एक भव्य और उल्लासपूर्ण बिदाई समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों द्वारा कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए एक स्नेह और आशीर्वाद समारोह के रूप में आयोजित किया गया था।

समारोह की शुरूआत मां सरस्वती की स्तुति के साथ की गई। इसके बाद कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों का स्वागत शानदार तरीके से तिलक और पुष्पवर्षा के माध्यम से किया गया। छात्रों और शिक्षकों ने एक-दूसरे के साथ अपने अनुभवों को साझा किया और कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के साथ बिताए गए अद्भुत पलों को याद किया। कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों को दीप प्रदान किए और उन्हें आगामी वर्षों में विद्यालय के कार्यों को संभालने की जिम्मेदारी दी और कार्यभार को ग्रहण करने की जिम्मेदारी दी। साथ ही विद्यालय की कार्यप्रणाली को सुचारू रूप से संचालन करने में सहभागी बनने प्रेरित किया।

### विभिन्न खेलों का आयोजन

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने मनोरंजन के लिए विभिन्न खेलों और सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन भी किया। कार्यक्रम में नृत्य और गायन की प्रस्तुतियां दी गई। शिक्षकों ने कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते अपने विचार साझा किए। समारोह में विद्यार्थियों को उनकी विशेष उपलब्धियों के लिए कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। पुरस्कार विजेताओं में मिस्टर फेयरवेल अमी तिवारी, मिस फेयरवेल भारती कंवर, मिस्टर लकी चार्म ईश्वर पोयाम, मिस लकी चार्म भूमिका बघेल, बेस्ट कॉस्ट्यूम (लड़का) आर्यन बघेल, बेस्ट कॉस्ट्यूम (लड़की) आर्या शर्मा, स्टूडेंट ऑफ द ईयर नेहांसू साहू शामिल है। इस अवसर पर प्राचार्य रेखा तिवारी, अशोक पारख, विकास जोशी और विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित थे। सभी ने कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

# नीरज विद्या मंदिर में मना ग्रेंड पेरेंट्स-डे



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर की प्रतिष्ठित संस्था नीरज विद्या मंदिर में ग्रेंड पेरेंट्स-डे उत्साहपूर्वक मनाया गया। प्रारंभ में संस्था के पदाधिकारियों द्वारा मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। इस अवसर पर एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर पुष्पा बाजपेयी, प्राचार्य अंजुम जहान एवं प्रशासक जी. राम सिन्हा उपस्थित थे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बच्चों के दादा-दादी और नाना-नानी उपस्थित थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती बाजपेयी ने कहा कि प्रत्येक परिवार में बड़े-बुजुर्ग असली धन होते हैं और इन्हीं से परिवार को पहचान और पीढ़ी को संस्कार मिलते हैं। आज के समय में आधुनिकता से बचते प्राचीन मान्य परंपराओं को हमें अपने जीवन में स्थान देना होगा। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित दादा-दादी और नाना-नानियों को शुभकामनाएं दी। प्राचार्य सुश्री जहान ने कहा कि संयुक्त परिवार से ही आज की पीढ़ी बहुत कुछ सीख सकती है। बच्चों को जीवन की विषमताओं से जूझने की ताकत इन्हीं से मिलती है और परिस्थितियों पर विजय प्राप्त करते समाज में अपनी प्रभावी उपस्थिति दर्ज कराते हैं। संयुक्त परिवार में माता-पिता के साथ-साथ दादा-दादी और नाना-नानी का भी संरक्षण व मार्गदर्शन मिलता है। कार्यक्रम में उपस्थित दादा-दादी और नाना-नानी का तिलक लगाकर भावपूर्ण स्वागत संस्था की शिक्षिकाओं ने किया। सम्मान से भाव-विभोर हुए दादा-दादी और नाना-नानियों ने कार्यक्रम की सराहना की। प्री -प्रायमरी के छात्र-छात्रा योग्या नायक, अभिजीत पांडे, चहक, स्वरा राजू राठौर, शिविक एवं भिमान्सी ने अपने-अपने विचार रखे। कक्षा दूसरी की दृश्या, धृति एवं प्रंजली ने भी दादा-दादी, नाना-नानी को लेकर अपने-अपने विचार व्यक्त किए, जिसे सबने भरपूर सराहा।

### बच्चों ने दी शानदार प्रस्तुति

प्री-प्रायमरी के बच्चों ने समूह नृत्य व गीतों की प्रस्तुति दी। कक्षा 1 एवं 2 के बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए समूह नृत्य को भी भरपूर प्रशंसा मिली। दादा-दादी एवं नाना-नानी के लिए आकर्षक गेम्स का भी आयोजन किया गया। गेम्स के विजेताओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सैयद नूरजहां, सुनिता जैन, प्रीति शर्मा, श्वेता देवांगन, शिल्पा कलचुरी, लाकेश्वरी साहू एवं सोनिका श्रीवास्तव का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. लोकेश शर्मा एवं शिक्षिका सोनिका श्रीवास्तव ने किया। आभार प्रदर्शन शिक्षिका शिल्पा कलचुरी ने किया। उक्त जानकारी शिक्षक घनश्याम तिवारी ने दी।

# ललित इरईकला के सरपंच निर्वाचित



**पटेवा।** ग्राम पंचायत इरईकला में सरपंच पद के लिए हुए चुनाव में ललित कुमार साहू ने जीत दर्ज किया है। सरपंच पद के प्रत्याशी ललित कुमार साहू ने 194 वोटो के अंतर से अपने निकटतम प्रतिद्वंदी जनपद सदस्य डोमारदास साहू को पराजित किया। पहली बार 34 वर्षीय युवा सरपंच का दायित्व संभालेगा। वर्तमान में श्री साहू भाजयुमो के अध्यक्ष हैं। इससे पहले वह एबीवीपी, युवा मोर्चा मोर्चा के विभिन्न पदों पर रह चुके हैं। सरपंच श्री साहू ने जीत का श्रेय कार्यकर्ता और मतदाताओं को देते हुए आभार व्यक्त किया है।

## निधन

### श्रीमती स्नेह प्रभा श्रीवास्तव



**राजनांदगांव।** शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई उ.मा.शाला की पूर्व शिक्षिका श्रीमती स्नेह प्रभा श्रीवास्तव (83) का निधन हो गया। वे स्व. नंदकुमार श्रीवास्तव की धर्मपत्नी थी। उनकी अंतिम यात्रा कल एक मार्च को सुबह दस बजे ब्राम्हणपारा स्थित निवास स्थान से निकलेगी। स्व. श्रीमती स्नेह प्रभा श्रीवास्तव न्यायालय कर्मचारी शैलेष, अखिलेश श्रीवास्तव और डॉ. ज्ञानेश श्रीवास्तव प्राचार्य रूंगटा कॉलेज भिलाई की माता थी।



**खबर संक्षेप**

## चाकू लेकर लोगों को डराने वाला पकड़ाया

**भिलाई।** लोगों को चाकू लेकर डराने धमकाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी अजय सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बाम्बे आवास उरला दुर्ग निवासी दीपक बघेल को पकड़ा गया। आरोपी धमधा रोड सब्जी मंडी दुर्ग में धारदार चाकू रखकर आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा था। पेट्रोलिंग पार्टी पहुंचने पर युवक को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी के पास से प्रतिबंधित आकर के धारदार बटनदार स्टील का चाकू जब्त किया है। कार्रवाई में मोहन नगर प्रभारी निरीक्षक शिव प्रसाद चंद्रा समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

## युवक की डूबने से मौत, मर्ग कायम

**भिलाई।** दोस्तों के साथ नहाने गए युवक का महामरा नदी में डूबने से मौत हो गई है। सूचना पर गोताखोरो और पुलिस मौके पर पहुंची शव को बाहर निकाला गया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक गया नगर दुर्ग निवासी यश निर्मलकर अपने दोस्तों के साथ नहाने महामरा एनीकेट गया हुआ था। नदी में अचानक डूब गया। घटना की सूचना परिजनों को दी गई।

## येस बैंक के निजी खाते से 165 करोड़ का लेनदेन, अनिमेष मामले ने फिर तूल पकड़ा

**भिलाई।** येस बैंक में फर्जी खाता खुलवाकर उसमें करोड़ों रुपए के लेनदेन के मामले में प्रदेश के उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को दो माह में जांच फिर से पूरी करने को कहा है। न्यायालय को 21 अप्रैल 2025 तक इसे पूर्ण कर जानकारी प्रदान करने की बात कही है। जनवरी में उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की डबल बेंच ने डीजीपी से व्यक्तिगत शपथ पत्र देकर संपूर्ण जानकारी प्रदान करने कहा गया था। मिली जानकारी के मुताबिक येस बैंक को मामले में पक्षकार बनाकर बैंक के अधिवक्ता से यश बैंक में खोले गए अनिमेश सिंह के नाम के खाते से होने वाले सभी लेनदेन की पूर्ण जानकारी न्यायालय को बताए जाने की अपेक्षा की गई थी। हाल ही में यश बैंक की अधिवक्ता ने खाते से किए गए लेन-देन के मामले में जानकारियां न्यायालय के समक्ष पेश की। जिस पर छत्तीसगढ़ सरकार के महाधिवक्ता ने मामले की पुनः जांच किए जाने न्यायालय से निवेदन किया। ज्ञात हो कि मामले में खुर्सीपार, भिलाई नगर थाने में दो अलग अलग प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की गई थी।

**पेज 11 का शेष**

## पुलिस अधीक्षक ने ....

थाना की अन्य रजिस्टर व तख्ती चेक किया। थाना की साफ सफाई हेतु विशेष ध्यान रखने तथा लंबित अपराधों, मर्ग, गुम, शिकायत और लंबित वारंटों की निकाल करने एवं असमाजिक तत्वों के विरूद्ध अधिक से अधिक प्रतिबंधात्मक एवं बाउंड ओवर को कम करने के निर्देश दिए। इनके अलावा असामाजिक तत्वों तथा निगरानी बदमाशों, गुण्डों, शराब पीकर हुल्लड़ व मारपीट करने वालों के विरूद्ध सख्त प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करने निर्देश दिये गए ।

**कार्यक्रम : प्रतियोगिताओं के विजेताओं को किया गया पुरस्कृत**

# आनंदगांव स्कूल में विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला



विकासखण्ड बेरला के निकटवर्तीय में आने वाले शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आनंदगांव में विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के सांस्कृतिक विभाग के द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शित किया गया। गीत-संगीत एवं नृत्य प्रस्तुति के साथ-साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। बच्चों ने कक्षा सजावट ,थाल सज्जा, केश सज्जा, मेंहदी प्रतियोगिता आदि कार्यक्रम में विद्यालय के सांस्कृतिक प्रभारी एमएल साहू, डीएस गायकवाड़ की प्रमुख भूमिका रही। सांस्कृतिक विभाग द्वारा कार्यक्रम एवं अन्य गतिविधियों में सहभागिता लेने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार से नवाजा गया। कक्षा सजावट में ग्यारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों को प्रथम स्थान प्रदान किया गया। थाल सज्जा में प्रथम स्थान अंशु पाल द्वितीय स्थान दीक्षा वर्मा तृतीय स्थान नम्रता, केश सज्जा में प्रथम स्थान नागेश्वरी, द्वितीय स्थान निधि, रंगोली में सुनिता एवं मेंहदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तनु रानी, द्वितीय स्थान प्रिया एवं तृतीय स्थान मानसी को प्राप्त हुआ। विद्यालय के प्राचार्य सुशील कुमार भारती ने सभी विद्यार्थियों को बोर्ड एग्जाम की तैयारी के लिए एवं भविष्य के योजनाओं में सफल होने के लिए शुभकामनाएं दी।इस कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त स्टाफ ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित की जिनमें मांडले, पवन कुमार साहू, मनोज कुमार वर्मा, ज्ञानेश्वरी देशलहरा, नेहा गुप्ता, दामिनी साहू, चंद्र कुमार साहू आदि उपस्थित रहे। विदाई कार्यक्रम के अंतिम कड़ी में चंद्र कुमार साहू ने विदाई गीत गाकर विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रदान किए।

- **गीत- संगीत एवं नृत्य प्रस्तुति के साथ हुईं स्पर्धाओं**

### बेस्ट स्टूडेंट ऑफ़ द ईयर 2025 ऑल राउंड

इस अवार्ड के लिए भावना मानिकपुरी का चयन किया गया। द ऑलराउंडर प्रत्येक फिल्ड में अपनी लोहा मनवाने वाली एकमात्र विद्यालय की होनहार छात्रा। अंग्रेजी क्लब में अंग्रेजी भाषा सीखने, बोलने में प्रारंगत, आईसीटी ग्रुप में सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली बालिका, खेल में क्रिकेट प्लेयर के रूप में अपने आप को प्रस्तुत करने वाली बालिका, प्रेरणा कार्यक्रम मैं 400 बेहतरीन विद्यार्थियों को (जिले के) पछाड़ते हुए नंबर वन तक पहुंच कर गुजरात टूर के लिए चयन, वर्तमान में प्रधानमंत्री द्वारा व्यक्तिगत पत्र प्राप्त। गाइड के रूप में विधानसभा निर्वाचन में अपनी माहिती भूमिका निभाया। उपरोक्त बेहतरीन प्रदर्शन के लिए उसे बेस्ट स्टूडेंट अवार्ड 2025 प्रदान किया गया है।

### लोकसभा निर्वाचन में सहयोग करने वाले स्काउट एवं गाइड कैडेट्स का सम्मान

स्काउट एवं गाइड प्रभारी भागवत प्रसाद बानी ने बतलाया लोकसभा निर्वाचन में प्रातः 7 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक सेवारत स्काउट एवं गाइड के कैडेट्स के कार्यों को सम्मान करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।जिसमें नारायण वर्मा(स्काउट लीडर), चंदन कुर्रे, दुष्यंत यादव, लोकेश यदु, मनीष यदु, करण ध्रुव, डीलेश कोशले, संदीप यदु, संजना साहू (गाइड लीडर), भावना मानिकपुरी, ऋतु वर्मा, अंशु पाल, माधुरी सिन्हा, किरण बारले, मानसी टंडन, साधना टंडन आदि शामिल रहे। त्रिस्तरीय निर्वाचन में प्रातः 7 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक सेवारत स्काउट एवं गाइड के कैडेट्स के कार्यों को सम्मान करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।जिसमें माधुरी सिन्हा(गाइड लीडर), वेदप्रकाश सिन्हा (स्काउट लीडर), शिवानी साहू, किरण बारले, टिकेश्वरी सेन, बीरेंद्र निषाद, गिरधर खरे, संजना वर्मा, माया सेन, रूपाली यादव, मेघा यदु, भगवती साहू, गीतेश बंजारे आदि शामिल रहे।

### बेस्ट स्टूडेंट ऑफ़ द ईयर अवार्ड

भागवत प्रसाद बानी ने बताया कि पूर्व 15 वर्ष से प्रत्येक वर्ष बेस्ट स्टूडेंट अवार्ड उनके द्वारा प्रदान किया जाता है। कक्षा 9वीं से लेकर 12वीं तक 4 वर्ष विद्यार्थी साथ रहते है इसमें विभिन्न क्रियाकलाप जैसे खेल सांस्कृतिक कार्यक्रम, साहित्य कार्यक्रम, शैक्षणिक योग्यता, अंग्रेजी क्लब, आईसीटी क्लब, स्काउट एवं गाइड क्रियाकलाप, रेड क्रॉस क्रियाकलाप, इको क्लब, मार्च पास्ट आदि जैसे कार्यों में विद्यार्थियों की सहभागिता के लिए उन्हें बेस्ट स्टूडेंट के रूप में सम्मानित किया गया है। जिसमें बेस्ट स्टूडेंट ऑफ द ईयर इन डिस्पिलिन के लिए दीक्षा वर्मा का चयन किया गया। अंग्रेज़ी क्लब में अपना महत्वपूर्ण योगदान, अनुशासन, पूरे 4 वर्ष ड्रेस कोड परफेक्शन के लिए सभी शिक्षकों के साथ बर्ताव शालीनता पूर्वक के लिए। बेस्ट स्टूडेंट आफ दी ईयर इन परफॉर्मेंस के लिए यामिनी कुर्रे का चयन किया गया। 11वीं कक्षा में विद्यालय में प्रवेश की। अपनी भाषा शैली और क्रियाकलाप से सभी शिक्षकों का मनमोहा। पूर्व एनुअल फंक्शन में स्काउट लीडर के रूप में अपनी बेहतरीन परफॉर्मेंस प्रदान किया। रेड क्रॉस लीडर के रूप में पूर्व वर्ष से आज पर्यंत बेहतरीन प्रदर्शन, कार्यशैली के लिए अवार्ड से नवाजा गया। बेस्ट स्टूडेंट ऑफ द ईयर इन एजुकेशन के लिए चंदन कुर्रे का चयन किया गया। कोविड-19 के दौरान से अपनी योग्यता का ध्वज लहराने वाला एकमात्र विद्यार्थी रहा। अपने परफॉर्मेंस और स्टडी करने की क्षमता से सभी शिक्षकों को आदर पूर्वक सम्मान प्रदान करता रहा है। शैक्षणिक क्रियाकलाप में और स्काउटर के रूप में अपनी सेवाएं लोकसभा निर्वाचन में अपने महत्वपूर्ण भूमिका निभाया इसलिए अवार्ड से नवाजा गया।

# बरगा में मनीषा माता का भव्य स्वागत श्रद्धालुओं ने किया चरण वंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

आध्यात्मिकता, भक्ति और श्रद्धा से ओत-प्रोत वातावरण में धार्मिक यात्रा के अंतर्गत मनीषा देवी माता की पावन यात्रा 28 फरवरी को ग्राम बरगा एवं चीजगांव में पहुंची। इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर चरण वंदना किया और भक्तिपूर्वक बंदगी कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

**बाजे-गाजे और पुष्प वर्षा से स्वागतः** ग्रामवासियों ने बाजे-गाजे और पुष्प वर्षा कर माता की यात्रा का भव्य स्वागत किया। चारों ओर /"साहेब बंदगी साहेब/" के गगनभेदी जयकारों से वातावरण भक्तिरस से सराबोर हो गया।



श्रद्धालुओं ने माता के चरणों में नतमस्तक होकर अपनी आस्था व्यक्त की और आध्यात्मिक शांति का अनुभव किया। इस पावन अवसर पर खेलावन साहेब, गणेश साहू, अशोक साहू, रामदयाल निर्मलकर, मनीराम साहू (पंच), लखन साहू, सुकदेव साहू, गुहा साहू, तोपसिंह साहू, कुलेश्वर साहू, लक्ष्मण साहू, छबि साहू, मनहरण साहू सहित सैकड़ों कबीरपंथी श्रद्धालु माता की यात्रा में सम्मिलित हुए। सभी ने सामूहिक रूप से भजन-कीर्तन और सत्संग कर भक्तिमय वातावरण का सृजन किया। ग्रामवासियों ने इस आयोजन को सौहार्द, भक्ति एवं सामाजिक एकता का प्रतीक बताया। श्रद्धालुओं ने माता की कृपा से अपने जीवन में सुख-समृद्धि की कामना की और इस आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

**बर्तन बैंक के जरिए पर्यावरण संरक्षण का प्रयास**

# फुलवारी फाउंडेशन ने बनवाया बर्तन बैंक इससे प्लास्टिक की उपयोगिता होगी कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के अंतिम छोर में बसे पचभैया एवं आश्रित गांव अमचो के लिए फुलवारी फाउंडेशन के द्वारा निःशुल्क बर्तन बैंक की व्यवस्था की गई है। इस बैंक में 100 नग थाली,100 नग गिलास एंव 20 नग जग उपलब्ध है। इसका उद्देश्य गांव के धार्मिक, सामाजिक और पारिवारिक आयोजनों में निः शुल्क बर्तन उपलब्ध कराना है। जिससे विभिन्न आयोजनों में होने वाली प्लास्टिक और डिस्पोजल की उपयोगिता कम हो और आसपास इससे होने वाली प्रदूषण से बचा जा सके साथ ही साथ इस बचाव से पर्यावरण का संरक्षण भी हो सके।

- **गांव के धार्मिक, सामाजिक और पारिवारिक आयोजनों में नि :शुल्क बर्तन उपलब्ध कराना है उद्देश्य**



फुलवारी फाउंडेशन के संरक्षण विनय पाठक ने बताया कि इस बर्तन को गांव के छोटे छोटे आयोजनों में बगैर किसी शुल्क के उपलब्ध कराया जाएगा।फाउंडेशन की शर्त यह होगी कि आयोजन पूरा होने के बाद बर्तनों को धोकर संख्या के मुताबिक वापस किया जाएगा।फाउंडेशन के सदस्य नुतेश्वर चन्द्राकर का कहना है कि किसी भी आयोजनों में प्लास्टिक के गिलास,प्लेट चम्मच के बजाय हमारी संस्था के स्टील के बर्तन ले और इस्तेमाल करे।निःशुल्क व्यवस्था के कारण लोगो की आर्थिक स्थिति भी सुधार होगा एंव आसपास के पर्यावरण की गंदगी से निजाज भी मिलेगा।बर्तन बैंक लांच करते समय फाउंडेशन की ओर से मनोज पाठक,कुलेश्वर चन्द्राकर, डुकेश्वर चन्द्राकर, चेतेश्वर निर्मलकर उपस्थित रहे।

# डॉ. टूटेजा ने किया कृषि विज्ञान केन्द्र बेमेतरा का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के निदेशक विस्तार सेवायें डॉ. एस. एस. टूटेजा ने कृषि विज्ञान केन्द्र (केविके), बेमेतरा द्वारा संचालित विभिन्न कृषि गतिविधियों का निरीक्षण एवं मूल्यांकन किया। भ्रमण के दौरान केविके बेमेतरा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख तोषण कुमार ठाकुर ने केन्द्र में संचालित कार्यक्रमों की जानकारी दी।

- **केविके द्वारा संचालित विभिन्न कृषि गतिविधियों का किया निरीक्षण एवं मूल्यांकन**



उन्होंने हाई टेक नर्सरी में सब्जी वर्गीय पौध सामग्री उत्पादन, मनरेगा अंतर्गत स्माल नर्सरी में फलदार पौध उत्पादन, अनाज, दलहन एवं तिलहनी फसलों के प्रजनक, आधार एवं प्रमाणित बीज उत्पादन, तालाबों में मत्स्य पालन, केचुआं खाद उत्पादन, समूह फसल प्रदर्शन एवं सीड हब कार्यक्रम जैसे महत्वपूर्ण कार्यों की प्रगति से अवगत कराया। डॉ. एस. एस. टूटेजा ने हाई टेक नर्सरी की उन्नति एवं गेहूं की किस्म 'कनिष्का' के प्रजनक बीज उत्पादन की सराहना की। इसके साथ ही सुगंधित फसलों – लेमन ग्रास, पामारोजा एवं सिट्रोनिला से तेल निकालने हेतु भाप आस्वन मशीन के उपयोग को और अधिक बढ़ावा देने का सुझाव दिया। इस अवसर पर केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. जितेन्द्र कुमार जोशी ने मनरेगा योजना के तहत जिले के चयनित ग्राम पंचायतों में किए गए फलदार पौधरोपण कार्यों की स्थिति की जानकारी भी निदेशक महोदय को प्रदान की।

### डॉ. टूटेजा ने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

डॉ. टूटेजा ने केविके बेमेतरा की गतिविधियों की सराहना करते हुए कृषि क्षेत्र में हो रहे नवाचारों को बढ़ावा देने एवं किसानों को अधिक लाभ पहुंचाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उनके मार्गदर्शन से केविके के वैज्ञानिकों और कृषि विशेषज्ञों को अपने कार्यों में और अधिक गति व नवीनता लाने की प्रेरणा मिली।

**आयोजन में भक्ति संगीत, प्रवचन एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोहा**

# बरगा में धूमधाम से मनाई गई संत रविदास जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ग्राम बरगा में संत रविदास जयंती बड़े ही श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विशेष रूप से पंडवानी गायिका पार्वती देवी डान्डे द्वारा पंडवानी की प्रस्तुति दी गई, जिसमें ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की।

आयोजन समिति के पदाधिकारी सनत लसेल अध्यक्ष, पोषण लाल लसेल उपाध्यक्ष, पंचराम लसेल कोषाध्यक्ष, प्यारेलाल माण्डे सचिव सहित आयोजनकर्ता संजय माण्डे पंच, भुवन, भुखन, केजूराम, खेदूराम, बेदराम, मोहनराम, जयपाल, चन्द्रहास, पारस, प्रताप, नंदकुमार, श्रवण लहरे, राजु, गिरिजा बाई, गोदावरी बाई , गणेश तुरकाने, दुखुराम, गंगासागर, प्यारेलाल, शिवप्रसाद, विनोद, अजय, रामजी सहित अन्य गणमान्य नागरिकों का विशेष योगदान रहा। पूरे आयोजन का लाभ ग्रामवासियों ने



लिया और संत रविदास जी के उपदेशों को आत्मसात करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।कार्यक्रम के दौरान संत रविदास के जीवन और शिक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए विद्वानों ने उनके समरसता और सामाजिक समता के संदेश को प्रसारित किया।

# मिडिल स्कूल सिंघौरी में मनाया गया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिंघौरी में विज्ञान दिवस मनाया गया।

प्रोजेक्टर के माध्यम से डॉ सी वी रमन की जीवनी एवं उनके द्वारा किये गए खोज रमन प्रभाव के बारे दिखाया गया। स्कूल के विज्ञान शिक्षक प्रशांत बघेल ने बच्चों को सीवी रमन के रिसर्च एवं उनके कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गयी। संस्था प्रमुख मीनाक्षी शर्मा ने 28 फरवरी को ही राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाए जाने पर भी प्रकाश डाला। इस दौरान शाला में सरस्वती साहू, आगेश्वरी साहू, राजेश्वरी ठाकुर, देवेंद्र साहू, नुतेश्वर चन्द्राकर एवं बच्चे उपस्थित रहे।

- **प्रोजेक्टर से दिखाई गई डॉ सी वी रमन की जीवनी, रमन प्रभाव भी समझाया गया**

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,000/-
8 रात व 9 दिन
EX हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री,
02 मई से 10 मई 2025, 07 मई से 15 मई 2025, 18 मई से 26 मई 2025, 29 मई से 06 जून 2025, 09 जून से 17 जून 2025
राशिः- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी 93406-38884
केदारनाथ में घोड़े खच्चर, पालकी व हेलीकॉप्टर की सुविधा दिलवाने में मदद करायेंगे।
By Train- रिजर्वेशन व स्पेशल पैकेज से
चार धाम यात्रा
श्री हरिद्वार, हरकी पौड़ी, ऋषिकेश, श्री उत्तरकाशी, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री बद्रीनाथ, श्री केदारनाथ,
यात्रा दिनांक
29 अप्रैल 2025
10 मई 2025
23 मई 2025
02 जून 2025
29 अगस्त 2025
10 सितंबर 2025
15 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-22,501/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport